Source: - दैनिक भास्कर

Date:- 27 सितंबर 2018

Page No:- 06

बड़ी कार्रवाई • इंदौर में पकड़ाई ड्रग्स बनाने की फैक्टरियां

110 करोड़ की नौ किलो ड्रग्स जब्त, विदेश में भी भेजते थे

भास्कर न्यूज | इंदौर

डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) इंदौर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 110 करोड़ से ज्यादा कीमत की नौ किलो ड्रग्स (पेंटानिल हाइड्रो क्लोराइड) जब्त की है। यहां चार से ज्यादा ड्रग्स बनाने की फैक्टरियों को भी सीज किया है। ये फैक्टरियां पोलोग्राउंड और साउथ तुकोगंज क्षेत्र में संचालित हो रही थी। कार्रवाई के दौरान एक विदेशी नागरिक भी पकड़ा गया है। बताया जा रहा है कि यह ड्रग्स इंदौर से मैक्सिको और अन्य देशों में भेजी जा रही थी। इससे ड्रग्स की खरीदी-बिक्री के इंटरनेशनल रैकेट के संकेत भी मिल रहे हैं। पूरी कार्रवाई की मॉनिटरिंग उच्च स्तर से की जा रही है और पिछले दो दिनों से इसे लेकर छापे मारने की कार्रवाई जारी है। कार्रवाई के दौरान काफी मात्रा में ड्रग्स बनाने का कच्चा माल भी जब्त हुआ है। बताया जा रहा है कि यह प्रदेश की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। यह ड्रग्स भी पहली बार पकड़ा गया है।

नीमच में पांच तस्करों के बंगले-जमीन समेत 6 करोड़ की संपत्ति सीज होगी

नीमच | तस्करी में लिप्त पांच लोगों के खिलाफ पुलिस के जरिए सफेमा (स्मगलर एंड फॉरेन एक्सचेंज मैनिपुलेटर्स) एक्ट 1976 मुंबई द्वारा अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई नीमच में की है। अब 5 तस्करों की करीब 6 करोड़ 22 लाख 43 हजार की चल व अचल संपत्ति सीज होगी। इनमें बंगले, जमीन, दुकान भी शामिल है।

Scanned by CamScanner